## खबर संक्षेप

### शिक्षक राजन सिंह सेवानिवृत्त हुए



**शहडोल।** उच्च श्रेणी शिक्षक राजन सिंह की अधिवार्षिक सेवा 31 मार्च को पूर्ण होने पर विदाई एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 02 अप्रैल को शासकीय माध्यमिक विद्यालय नंदना में किया गया। इस अवसर पर जयसिंहनगर की विधायका श्रीमती मनीषा सिंह, विधानसभा क्षेत्र जैतपुर के विधायक जय सिंह मरावी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, मण्डल पदाधिकारी, प्रदेश सह संयोजक मध्यप्रदेश विधि प्रकोष्ठ चन्द्रेश द्विवेदी एडवोकेट, जनपद उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, उपसरंपच श्रीमती ज्योति तिवारी तथा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द सिन्हा, डी.पी.सी. अमरनाथ सिंह, डाईट प्राचार्य रमाशंकर गौतम, विकाखण्ड सोहागपुर, गोहपारू, जयसिंहनगर के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जनपद शिक्षा अधिकारी तथा म.प्र. शिक्षक संघ के संभाग, जिला, विकासखण्ड, तहसील, नगर के पदाधिकारी एवं जन शिक्षा केन्द्र कोटमा के प्राचार्य संजय पाण्डेय व सैकड़ों शिक्षक, शिक्षिकाएँ व ग्रामीण प्रतिष्ठितजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पेंशन एशोसिएशन के संभागीय महासचिव एवं गोहपारू विकासखण्ड के संरक्षक महेश प्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्मान पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन संस्था प्रभारी संजय पाण्डेय ने किया।

### गोहपारू में मण्डल में आयोजित हुई भाजपा की बैठक



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर पखवाड़े भर कार्यक्रम आयोजित करेगी, इस अवसर पर 6 अप्रैल को स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, गोहपारू मण्डल प्रभारी प्रकाश जगवानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रम ,स्थापना दिवस एवं भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर के जयंती कार्यक्रम की विस्तृत रूप से चर्चा हुई, बैठक में श्री जगवानी ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 में बनी हमारी पार्टी दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी है, डॉ.भीमराव आंबेडकर को हमारी सरकार ने जो सम्मान दिया, आजादी के 75 वर्ष के तक किसी सरकार ने नहीं दिया। श्री जगवानी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराना है। बैठक में मण्डल अध्यक्ष मंगलेश्वर सिंह, बाला प्रसाद मिश्रा, द्वारिका प्रसाद सोनी, गजेन्द्र द्विवेदी, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती कलावती मौजूद रही।

### अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन में संलग्न 2 ट्रेक्टर जब्त

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत 02 अप्रैल को रात्रि गस्त के दौरान भोगिया तिराहा पास नीले कलर का बिना नम्बर का स्वराज ट्रेक्टर मय रेत लोड ट्राली के मिला, चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम राजेश कोल पिता दलबल कोल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बरकछ थाना ब्यौहारी का रहना बताया तथा मालिक नवीन गुप्ता निवासी ब्यौहारी के कहने पर झरप नदी बरकछ से लेवरो के मदद से ट्राली मे रेत लोड कराकर बिक्री करने के लिए ब्यौहारी ले जाना बताया उक्त रेत के संबंध कोई दस्तावेज होना नही बताया । आरोपी ट्रेक्टर चालक एवं वाहन मालिक का कृत्य धारा 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम का दण्डनीय पाये जाने से मौके पर आरोपी चालक के कब्जे से ट्रेक्टर स्वराज मय रेत लोड ट्राली के जप्त कर थाना वापसी पर आरोपी चालक एवं मालिक के विरूद्ध धारा 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।तत्पश्चात गस्त के दौरान ही सूचना मिली एक नीले रंग का ट्रेक्टर मय ट्राली मे लोड रेत सूखा तरफ से ब्यौहारी ले जा रहा है, सूचना की तस्दीक पर सी.एच.सी. ब्यौहारी के पास नीले रंग की बिना नम्बर का ट्रेक्टर मिला, जिसे रोककर तस्दीक की गई, वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम योगेन्द्र कुमार बैगा पिता नरेन्द्र प्रसाद बैगा उम्र 24 वर्ष निवासी भमरहा प्रथम का होना बताया तथा ट्रेक्टर मालिक धीरज सिंह निवासी न्यू बरौंधा के कहने पर नौढ़िया नदी से रेत चोरी कर ब्यौहारी बेचने ले जा रहा था, उक्त रेत के संबंध कोई दस्तावेज होना नही बताया ।ट्रेक्टर चालक योगेन्द्र कुमार बैगा एवं वाहन मालिक धीरज सिंह का कृत्य 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम का पाये जाने से आरोपी चालक के कब्जे से ट्रेक्टर मय रेत लोड ट्राली मौके पर जप्त किया।

## मां कात्यायनी के रूप में हुआ शक्ति स्वरूपा का श्रृंगार

# नवरात्रि के 6वें दिन भी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

शहडोल।

चैत्र नवरात्रि पर नगर में मां अम्बे की भक्ति भाव से पूजा आराधना की जा रही है और नगर में उनके जयकारे गूंज रहे हैं। छटवें दिन नगर के शक्ति स्थलों व देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, माता रानी के दर्शनों के लिए लोग सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे थे। जल ढारने महिलाओं की लम्बी कतारें लगी देखी गईं। नगर की बस्तियों में माता रानी के भजन व भक्तिगीत, भगत आदि गूंज रहे हैं। इस तिथि को माता कात्यायनी की पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना गया है। चैत्र नवरात्रि का पर्व शक्ति उपासना का प्रमुख पर्व माना जाता है। ज्ञातव्य है कि शक्ति धामों में नित्य प्रति मांता के नौ स्वरूपों के अनुसार श्रंगार किया जाता है और उनकी वही छवि दर्शाने का प्रयास किया जाता है। छटवें दिन माता शक्ति स्वरूपा का श्रंगार मां कात्यायनी के रूप में किया गया। जिनका श्रद्धालुओं ने दर्शन कर धर्म लाभ उठाया।




### विराटेश्वरी माता मंदिर में मेला

नगर में गल्ला मण्डी के समीप स्थित माता विराटेश्वरी दुर्गामाता मंदिर में नवरात्रि के छटवें दिन भारी भीड़ व गहमा गहमी देखी गई। श्रद्धालुओं ने सुबह से माता रानी की पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पित किए। यहां भक्तों की लम्बी कतार देखी गई। माता रानी को जल ढारने सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ी। महिलाओं की लम्बी कतार देखी गई। दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट व मंदिर के पुजारी निरंतर व्यवस्थाओं की निगरानी करते नजर आए। मंदिर में सुबह से ही कथा, भजन गायन आदि का आयोजन किया गया, बच्चों के मुण्डन, कर्णछेदन आदि के संस्कार किए गए। माता के दरबार में दिनभर भक्तों का मेला लगा रहा, शाम की आरती में शामिल होने के लिए लोग कतारों में खड़े देखे गए। ज्ञातव्य है कि नगर में माता विराटेश्वरी का धाम मां दुर्गा की पूजा आराधना का प्रमुख केन्द्र माना जाता है। माता रानी को दया स्वरूपा भी माना जाता है जो कि भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली है।

### कंकाली व बूढ़ी माता मंदिर में भीड़

नगर के समीप अंतरा ग्राम स्थित कंकाली माता मंदिर व पाली रोड स्थित बूढ़ी माता मंदिरों में अखण्ड ज्योत जलाई जा रही है और जवारे बोए गए हैं। यहां भी भक्तों का मेला लग रहा है। माता रानी के यह मंदिर अत्यंत जागृत और वरदायी माने जाते हैं। माता का अनुग्रह लोगों को प्राप्त होता है, प्रति वर्ष यहां भक्तों की भीड़ पहुंचती है और लोग पूजा अर्चना करते हैं। यहां बड़ी तादात में जवारे बोए जाते हैं और अखण्ड ज्योत जलाई जाती है। ज्ञातव्य है कि कंकाली माता मंदिर अपनी विशेष आभा के लिए विश्वप्रसिद्ध हैं। यह मंदिर चौंसठ योगनी का मंदिर है, कंकाली माता व बूढ़ी माता मंदिर शक्ति आराधना का स्थल माना जाता है। वैसे तो इन स्थलों में भक्तों का मेला बारहो महीने लगता है और श्रद्धालु आते हैं लेकिन नवरात्रि पर्व पर विशेषरूप से भीड़ उमड़ती है।

### खोल्हाड़ की मढिया में भजन

समीपी ग्राम खोल्हाड़ की पहडिया पर माता लक्ष्मी की भव्य प्राचीन प्रतिमा है, जिसमें कि विशेष आभा विद्यमान है। माता रानी के दर्शन करने और पूजा आराधना कर माता का आशीष लेने यहां आसपास के गांवों से ही नहीं शहर के लोग भी पहुंचते हैं और ज्योत जलाकर माता की पूजा करते हैं। यहां ग्रामीणों के सहयोग से भक्त मण्डली द्वारा भगत का आयोजन किया जाता है और माता के शौर्य और दयाभाव का गुणगान करते भगत गाए जाते हैं। नवरात्रि पर माता की मढिया की आभा देखते ही बनती है। इस मंदिर को भी जानकार चौंसठ योगिनी शक्ति से संबंधित बतलाते हैं। इस स्थल पर भी बच्चों के मुण्डन आदि संस्कार किए जाते हैं और व्यापक पैमाने पर कन्या भोज व कथाओं का आयोजन किया जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों में यहां भक्तों का मेला सा लगा रहता है।

### काली की आराधना में लगे भक्त

नगर के पुलिस लाइन स्थित माता शारदा मंदिर, पोनांग तालाब स्थित व रेलवे कालोनी स्थित मांता काली के मंदिरों में भक्त पूजा अर्चना कर रहे हैं। काली मंदिरों में नियमानुसार पूजा अर्चना की जा रही है, यहां भक्तों द्वारा कथा कीर्तन और हवन पूजा आदि की जा रही है। बताया गया कि मंदिरों में भक्तों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। समय समय पर यहां भण्डारों का भी आयोजन किया जाता है। माता के यह मंदिर भक्तों की आस्था के केन्द्र हैं, जहां बारहों मेहीने भक्तों का तांता लगा रहता है।

## ब्लैक स्पॉट पर बनाएं डबल ब्रेकर: कलेक्टर

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



शहडोल।

कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्ग में बने ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दोनों तरफ से डबल ब्रेकर बनाना सुनिश्चित करें। जिससे आने वाली गाड़ियों की गति धीमी हो सके एवं दुर्घटना न होने पाए। कलेक्टर ने कहा कि ब्लैक स्पॉट पर 'दिशा सूचक एवं कृपया धीरे चलें' का लिखित साइन बोर्ड भी लगाएं, जिससे आने वाले गाड़ी के वाहन चालक को दिशा एवं ब्लैक स्पॉट की जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि ऐसी सडक़े जो गांव से निकलकर सीधे हाईवे रोड में मिलती है एवं उसे मिलने वाली सडक़ के दोनों साईड दुकान खोल दी जाती हैं, जिस कारण से आने वाली गाडिय़ां दिखाई नहीं देती हैं एवं दुर्घटना का कारण बनती हैं, उन्होंने कहा कि ऐसी जगह पर बनी दुकानों को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने सडक़ सुरक्षा को लेकर अन्य विषयों पर भी चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डीएसपी यातायात विभाग मुकेश दीक्षित सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कॉन्वेंट का तुगलकी फरमान



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय स्थित गुड्स शेफर्ड कॉन्वेंट स्कूल हमेशा से ही अपने तुगलकी फरमानों को लेकर चर्चा में आये दिन बनी रहती है, कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने एक बार फिर स्कूल 01 मिनट देरी से पहुंचने वाले बच्चों को बाहर कर तुगलकी फरमान जारी कर कहा कि 7:50 पर अगर बच्चे स्कूल नहीं पहुंचेगे तो, उन्हें प्रवेश नहीं दिया जायेगा। आश्चर्य की बात तो यह है कि 7:50 से अगर विद्यालय के घड़ी में 7:51 हो जाता है तो, विद्यालय का गेट बंद कर दिया जाता है और बच्चों को अनुपस्थित कर दिया जाता है, अनुशासन के नाम पर विद्यालय प्रबंधन आये दिन तुगलकी फरमान जारी कर बच्चों और अभिभावकों को परेशान करता है, लेकिन आज तक प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कभी भी विद्यालय प्रबंधन पर किसी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। जिसके चलते प्रबंधन के हौसले बुलंद हो चुके हैं। बच्चों के परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त मामले में संज्ञान लेकर प्रबंधन पर आये दिन तुगलकी फरमान जारी करने पर प्रतिबंध लगाया जाये, जिससे बच्चे स्वस्थ्य मानसिकता से पढ़ाई कर सके।

## विश्वविद्यालय में सरगम क्लब द्वारा लोकोत्सव का भव्य आयोजन



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में सरगम क्लब द्वारा लोकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने लोकगीतों की मस्ती में डूबकर इस समारोह का आनंद लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक होली गीतों, लोक गीतों भजन का संगीत विभाग के सहयोग से सम्पन्न किया गया । सरगम क्लब के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, संगीत और नाट्य कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने सभी को लोकोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए कहा लोक के उत्सव खुशियों, सौहार्द के पर्व है। यह हमें प्रेम और सद्भाव से रहने की प्रेरणा देता है। विश्वविद्यालय परिवार को मेरी ओर से हार्दिक बधाई। कुलसचिव प्रो आशीष तिवारी जी ने लोकोत्सव की बधाई देते हुए कहा सरगम क्लब छात्रों के बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए जो कार्य संगीत के माध्यम से कर रहा है यह सराहनीय है। इस कार्यक्रम में प्राध्यापको ने भी अपने लोग रंग के गीतों को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम विश्वविद्यालय के शहडोल परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ़, प्रो सुनीता बाथरे, प्रो.प्रवीण कुमार शर्मा, प्रो.मनीषा तिवारी, प्रो. महेंद्र किशोर भटनागर, डॉ. एच.एल. मरावी, डॉ. गंगाधर ढोके, डॉ. रचना दुबे, डॉ. प्रज्ञा यादव,डॉ रजनी गौतम डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. मुनीश नेगी, डॉ. सौरभ शिवा तथा विश्वविद्यालय के अन्य सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श तिवारी ने किया।

## 58 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब पकड़ाई



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत 02 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चरका मे पंकज कुमार कोल पिता रामलखन कोल उम्र 22 वर्ष अपने घर पर अंग्रेजी शराब भारी मात्रा मे बिक्री करने के लिए छिपा कर रखा है, मुखबिर सूचना के तस्दीक के लिए रवाना होकर संदेही पंकज कुमार कोल के घर ग्राम चरका पहुंचकर पंकज कोल को आवाज देने पर संदेही पंकज कोल पुलिस को देखकर पीछे बाड़ी तरफ कूदकर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया, घर की तलाशी लेने पर आरोपी पंकज कुमार कोल के घर से अंग्रेजी शराब बैगपाइपर के 96 पाव, 8 पीएम के 28 पाव तथा सफेद प्लेन देशी मदिरा 200 पाव कुल 58 लीटर अंग्रजी शराब जिसकी अंतर्राज्यीय बाजार मे कीमत 50000 रूपये से अधिक है, जप्त किया गया । थाना वापसी पर आरोपी पंकज कुमार कोल पिता रामलखन कोल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चरका के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । आरोपी पंकज कुमार कोल मौके फरार है जिसकी पता तलाश जारी है । उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षकरामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान एवं एसडीओपी रवि प्रकाश कोल के दिशा निर्देशन में की गई। कार्यवाही मे थाना प्रभारी अरूण पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टाफ उपनिरीक्षक बालकरण प्रजापति, सहायक उपनिरीक्षक गया प्रसाद कन्नौजे, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक अजीत यादव, अमृत यादव, त्रिलोक सिंह, योगेन्द्र पाण्डेय की भूमिका रही है ।



## पंचायत चुनाव 2022 की राशि में हुआ बड़ा भ्रष्टाचार

# जमानत राशि नहीं हुई वापस, प्रत्याशी काट रहे कार्यालय के चक्कर

शहडोल।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव वर्ष 2022-2023 संपन्न हुए सालो बीत गए, परंतु जमानत राशि का कहीं कोई अता पता नहीं हैं, जिसमें 400 रुपए बतौर प्रत्याशी पंच और 1000 रुपए सरपंच के जमा कराए गए थे, लेकिन चुनाव संपन्न हुए सालो बीत जाने के बाद भी जमानत राशि वापस नहीं किए जाने से अब लोगो का आक्रोश बढ़ रहा हैं, खैरहा निवासी नीलेश कुमार शर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम पंचायत खैरहा वार्ड क्रमांक 7 से निर्वाचित पंच हैं, वह अपनी जमानत राशि वापस दिलाए जाने के लिए अब अधिकारियो के ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं, जमानत राशि वापस पाने के लिए सोहागपुर जनपद पंचायत मे वर्तमान मे 77पंचायते हैं आज दिनांक तक किसी भी पंचायत का पैसा वापस नहीं होना एक बड़े घोटाले की ओर अपना ध्यान आकर्षण कर रहा है।




### सीएम हेल्प लाईन में हुई शिकायत

मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी की जा चुकी हैं, जिस पर सीएम हेल्पलाइन द्वारा मेरी शिकायत क्रो निर्वाचन कार्यलय शहडोल क्रो जांच हेतु भेजा गया था, तब मुझे निर्वाचन कार्यलय शहडोल से सतीश पटेल द्वारा फोन कर जानकारी दी गई की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का भुगतान जनपद स्तर पर होगा, आप पंचायत इंस्पेक्टर रेनू से संपर्क कर अपनी जमानत राशि प्राप्त करें, जब मैंने पंचायत इंस्पेक्टर रेनू अपनी जमानत राशि वापस मांगने के लिए गया तो, उन्होंने मुझे कहा की चुनाव सम्पन्न होने के 6 माह बाद आपको अपनी जमानत राशि वापस ले लेनी चाहिए थी, तब मैंने रेनू मैडम से बताया की मुझे इस संबंध मे कोई जानकारी आपके द्वारा नहीं दी गई थी और ना ही मुझसे किसी भी प्रकार का पत्राचार किया गया था, तो मैं कैसे अपनी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की राशि कैसे प्राप्त करता, जबकि पंचायत द्वारा मुझसे कहा गया था कि आप सब की राशि चुनाव के एक साल बाद वापस होगी, खैरहा पंचायत के पूर्व सचिव तुलसी दास द्वारा सभी पंचों क्रो कहा गया था कि आप सब पंच-सरपंच जमानत राशि की रसीद की फोटो कॉपी और एक आवेदन हस्ताक्षर के साथ जमा करवा दें, जिसे जनपद स्तर पर जमा किया गया था, पूर्व खैरहा पंचायत सचिव तुलसी दास ने कहा कि मैं जनपद कार्यलय सोहागपुर में जमा करवा दूंगा, रेनू मैडम से चर्चा भी करूँगा ताकि आप सब की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की राशि वापस की जा सके।

### नहीं मिल रहा भुगतान

वर्तमान खैरहा पंच नीलेश शर्मा द्वारा आरोप लगाते हुए बताया गया कि मेरे द्वारा त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव विगत वर्ष 2022 के भुगतान के संबंध में जब जनपद पंचायत सोहागपुर के पंचायत इंस्पेक्टर रेनू से जाकर लिखित में आवेदन देने गया तो उनका कहना था कि 2022 में जो त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव का भुगतान शासन के खाते में डाल दिया गया है, अब आपका चुनाव प्रक्रिया का भुगतान राशि वापस नहीं कर सकते और उनका कथन था कि चुनाव प्रक्रिया के छः माह तक आपको राशि वापस लेनी थी, लेकिन अब वह राशि शासन के खाते में जमा करा दिया गया है, नीलेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें बताया गया कि 2022 वर्तमान त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव भुगतान एक साल बाद किया जायेगा।

### नहीं दी गई किसी प्रकार की जानकारी

विगत वर्ष 2023-24 में सचिव तुलसी द्वारा खैरहा पंचायत के 20 वार्ड के पंचों का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के रसीद एवं आवेदन हस्ताक्षर सहित जनपद सोहागपुर में जमा करके भुगतान वापस लाने के लिए लिया गया था, लेकिन आज दिनांक तक खैरहा पंचायत के एक भी पंच को राशि भुगतान नहीं किया गया है और न ही किसी प्रकार की जानकारी दी गई कि आप अपना भुगतान छः माह के अंदर ले जाएं जब इस विषय में पूर्व सचिव तुलसी से बात की गई तो उनका कहना था कि आपका आवेदन हमने जनपद सोहागपुर में पंचायत इंस्पेक्टर रेनू मैंम के पास सही समय पर जमा किए लेकिन उनके द्वारा न ही पावती दी गई और न ही भुगतान किया गया।

### इनका कहना हैं...

आप रशीद मेरे नंबर पर व्हाट्सप्प कर दीजिए मैं देख कर बतऊँगी की मामला क्या हैं।

**रेनू पांडे, इंस्पेक्टर जनपद सोहागपुर**

# राजेश ने संभाला सांझी रसोई के अध्यक्ष पद का प्रभार

**शहडोल।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय और जनकल्याण के प्रति समर्पित राजेश मोटवानी ने सांझी रसोई के अध्यक्ष पद का विधिवत प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में संस्था के और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने की उम्मीद जताई। सांझी रसोई, समाज के जरूरतमंद लोगों को सस्ते और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जाती है। श्री मोटवानी ने इस अवसर पर कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस सेवा कार्य का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। मैं अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। संस्था के सदस्यों ने विश्वास जताया कि राजेश मोटवानी के कुशल नेतृत्व में सांझी रसोई का कार्यक्षेत्र और भी विस्तृत होगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

# महाराजा निषादराज जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**शहडोल।** भगवान निषादराज महाराज की जयंती बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। निषादराज जयंती के अवसर पर समाज के लोगों का रेलवे सब्जी मण्डी में पूजा अर्चना की। इसके बाद रेलवे सब्जी मण्डी से विशाल शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई जो मुख्य मार्गो से होती हुई मोहनराम मंदिर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। यहां के समाज के लोगों ने सभी से एकजुटता से रहने तथा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का सभी से आव्हान किया। समाज के लोगों ने कहा कि यदि हम संगठित और शिक्षित होंगे तो निश्चित ही हमारे समाज का भी सर्वागींर्ण विकास होगा। रैली के दौरान रिंकू बर्मन, अभय माझी, आशुतोष वर्मा, सनी केवट, विक्रम बर्मन, संतोष बर्मन, गगन बर्मन, गुड्डु बर्मन, बाबू केवट, सिद्धू बर्मन, अनिल बर्मन, शनि बर्मन, राजा बर्मन एवं एकलव्य युवा सेना के सदस्य मौजूद रहे।

# गेहूं पंजीयन हेतु 9 अप्रैल तक तिथि बढी

उमरिया।

जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि में वृद्धि करते हुए 9 अप्रैल तक तिथि बढाई गई है । उन्होने बताया कि जिले में गेहूं पंजीयन के लिये 35 पंजीयन केन्द्र निर्धारित है, इसके अतिरिक्त एम.पी. ऑनलाईन एवं कॉमन सर्विस सेंटर पर भी किसानों के गेहूं विक्रय के लिये पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। जिले में कुल 11805 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय के लिये पंजीयन किया गया है । किसानों के पंजीयन का कार्य निरंतर पंजीयन केन्द्रो एवं कियोस्क सेंटर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहू पंजीयन से शेष रहे गेहूं उत्पादक एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहू विक्रय के इच्छुक किसानों के गेहूं पंजीयन का कार्य 9 अप्रैल 2025 तक करना सुनिश्चित करें।

## प्राकट्य पर्व 6 अप्रैल को सायं 7 बजे से मंगल भवन परिसर में

# कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

**उमरिया।** जिले में श्री रामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व 6 अप्रैल को सायं 7 बजे से मंगल भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा । जिसमें सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम की महिमा दिखेगी । संचालक, संस्कृति डॉ. पूजा शुक्लां ने बताया कि मध्यप्रदेश के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व के आयोजन का उद्देश्य आम जन को सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का आस्वादन और भगवान राम के सम्बन्ध में पौराणिक मान्यताओं से परिचित कराना है।




जिला मुख्यालय उमरिया स्थित मंगल भवन परिसर में मुनीन्द्र कुमार मिश्रा एवं साथी, शहडोल द्वारा बघेली लोकगायन, इसके बाद सुश्री अवंतिका दुबे एवं साथी, खजुराहो द्वारा नृत्य नाटिका राम आरंभ की प्रस्तुति और अंत में श्री गिरीश ठाकुर एवं साथी, सिवनी और सुश्री मुस्कान चौरसिया एवं साथी, बालाघाट द्वारा भक्ति गायन की सभाएं सजेंगी। यह पर्व मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन- अनूपपुर, पन्ना, सतना, निवाड़ी, शहडोल, उमरिया के सहयोग से श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन 6 अप्रैल को मध्य प्रदेश के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर एक साथ सायं 7 बजे से किया जाएगा। सभी स्थलों पर सांस्कृतिक स्व रूपों में श्रीराम की महिमा दिखेगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्राकट्य पर्व के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी एवं उनकी सहायता के लिए अन्य अधिकारियों की डयुटी लगाई है । आपने कार्यक्रम के आयोजन की समीक्षा करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

# धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जांच दल गठित

**उमरिया।** समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं मिलिंग हेतु धान परिवहन के संबंध में शासन के निर्देशानुसार जांच कराये जाने हेतु कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा समिति का गठन किया गया है जिसमें संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया अध्यक्ष, उप, सहायक आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक , जिला प्रबंधक , मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, तथा जिला प्रबंधक मप्र वेयर हाउसिंग एंड लाजिस्टिक्स कार्पोरेशन सदस्य होंगे। गठित जांच दल व्दारा धान उपार्जन मात्रा अनुसार गोदाम में जमा न होने, उपार्जन केंद्र से मिलर्स व्दारा उठाई गई धान की अफरा, तफरी करने, उपार्जित धान की मात्रा, परिवहन मात्रा, धान जमा करने, धान कमी मात्रा, मिलर्स को भुगतान की स्थिति, मिलरवार धान प्रदाय करने, मिलरवार धान उठाव करने, सीएमआर जमा करने संबंधी जांच की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा है कि गठित दल व्दारा जांच की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण कर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर जिला उपार्जन समिति कार्यवाही करेगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत भौतरा में किया गया बोरी बंधान

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भौतरा के अहिरबुढा नाला में जन अभियान परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।



इस दौरान नाला से कचरा निकाला गया साथ ही जल संरक्षण हेतु जल को रोकने हेतु बोरी बंधान कर श्रमदान किया गया। श्रमदान में ग्राम पंचायत भौतरा सरपंच लाल बहादुर सिंह,सचिव चमन सिंह ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से ध्यान सिंह, लाल सिंह सुरेश बैगा, पुष्पेंद्र सिंह परामर्शदाता अर्चना मिश्रा बी एसडब्ल्यू छात्र वीरेंद्र सिंह , धर्मेंद्र सिंह रामबाई सिंह, कुशल सिंह, तेजराज सिंह शिवकुमार सिंह, उपसरपंच ज्योति केवट उपस्थित रहे।

# कोतमा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ की कार्यवाही

**कोतमा।** थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हाईवे के पास भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप जप्त करते हुए 2 आरोपियों के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। आरोपी



रामप्रसाद एवं अनंत कुमार दोनों निवासी जिला औरंगाबाद, बिहार के कब्जे से 20 पेटी मदिरा प्लेन 180 लीटर कीमती 70 हजार की जप्त की गई। दोनों आरोपी शराब दुकान के सेल्समैन बताए जा रहे है जो कि शराब को छिपाकर बाद में ऊंचे दामों में बेचने के लिए रखे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अनूपपुर जिला सीजेएम न्यायालय में पेश किया गया जहां पर अपराध की गंभीरता एवं बड़ी मात्रा में अवैध शराब की जाप्ति पर दोनों आरोपियों को 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई से नगर के शराब तस्करों में भी हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।

# राधा कृष्ण मंदिर के पास दुर्गा मूर्ति स्थापना



**बदरा/जमुना।** चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर इस बार प्रथम वर्ष दुर्गा मूर्ति की स्थापना बड़े धूमधाम से की गई विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है जिसमें ग्रामीण लोग का योगदान महत्वपूर्ण है दिन में माताएं एवं भक्त लोग राधा कृष्ण मंदिर में रामायण एवं देवी गीत एवं भजन चाहूं वह सुनाई दे रही हैं एवं गरबा नृत्य शाम को किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी द्विवेदी द्वारा सुबह शाम आरती की जा रही है मंदिर परिसर के देखरेख एवं सहयोग करता सुबह लाल साहू डॉक्टर हिटलर विश्वास राजेंद्र नापित के केशव साहू रामेश्वर नापित पारसनाथ विश्वकर्मा सुभाष विश्वकर्मा राजकुमार साहू लाल बहादुर का योगदान सराहनीय है।

# ईद और रामनवमीं पर दिखा हिंदू मुस्लिम भाइयों में एकता की मिसाल एक दूसरे को गले लगा कर दी बधाई

**हरिभूमि न्यूजजमुना/बदरा।** जिले के कोयलांचल नगरी कोतमा कालरी भालूमाडा में हिंदू मुस्लिम भाइयों की एकता की मिसाल देखने को मिला जहां पर दोनों धर्म को लोगों ने एक साथ एकत्र होकर ईद और रामनवमी की गले लगा कर एक दूसरे को बधाई दी। 2 अप्रैल को कोतमा कॉलरी यासीन खान के निवास पर ईद मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के साहित्य



कारों कवियों सुधि स्त्रोताओं और एक्ट्रोनिक प्रिंट मीडिया प्रतिनिधि शामिल हुए प्रमुख रचना कारों में मक़बूल अहमद दर्द कैलाश पाटकर अनुराधा गहरवार देवेश प्रताप सिंह सफी अहमद दादूलाल यादव अमरेंद्र सिंह परिहार अविनाश अग्रवाल जेपी साहू संयोजक सनातन यात्रा सुश्री सुषमा पंकज द्विवेदी के के सोनी एवं जन्नत समीर ने काव्य पाठ किया। सभी कवियों ने स्त्रोताओं को भाव विभोर कर दिए काव्यगोष्ठी का संचालन यासीन खान ने किया उपस्थित स्त्रोताओं में प्रमुख रूप से राजेंद्र सिंह अफजल हुसैन मुजीबुल हक असरफली मुस्लिम भाई मोसिंहपीस सुखविंदर सिंह संजय सिंह राजू गुप्ता बिलाल हुसैन पंकज, पवन कुमार इरशाद अहमद सम्मू एवं रहें मीडिया प्रतिनिधि के रूप में संतोष चौरसिया ने अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज की कार्यक्रम के अंत में राजेंद्र सिंह कामरेड इंद्रपति सिंह इस मौके पर अपने आजोसवी वक्तव्य से कार्यक्रम को ऊंचाइयां भी कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कवियों स्त्रोताओं में एक दूसरे से गले मिल कर ईद ओर रामनवमी की शुभकामनाएं ली आभार प्रदर्शन के दौरान यासीन खान ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सांप्रदायिक सौभाग्य, सामाजिक समरसता, आपसी भाई चारे को बढ़ाना है।

# अंधी हत्या का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**चचाई।** मोबाइल के जरिये सूचना प्राप्त हुआ था कि राजू सोनी अपनी पत्नी श्रीमति गुड़िया उर्फ राखी सोनी के साथ मारपीट किया है दो तीन पहले से मारपीट कर रहा है जो खत्म हो गयी है। सूचना पर मौके में पहुंचकर मृतिका के पति सूचनाकर्ता राजू सोनी की सूचना पर देहाती मर्ग इंटीमेशन कायम कर मृतिका के शव का पंचनामा मृतिका के परिजनों को अंबिकापुर से बुलाकर किया गया एवं मृतिका के शव का पी एम जिला अस्पताल अनूपपुर से प्राप्त हुआ पी एम रिपोर्ट में डा0 साहब के व्दारा मृतिका की मृत्यु सिर में गंभीर चोंट आने से मृत्यु होना लेख किये एवं मृतिका का बिसरा प्रिजर्व किया गया है। शव निरीक्षण के दौरान मृतिका के शव शरीर पर सिर में बांए तरफ सूजनदार लाल श्याह चोंट, बांए आंख के पास सूजनदार लाल श्याह चोंट, दाहिना आंख के पास भौंह में सूजनदार काला लाल श्याह चोंट, दाहिने तरफ के दाढी में काला चोंट, छाती में लाल श्याह चोंट, दाहिने ब्रेस्ट में लाल श्याह छिलन चोंट, दोनों हांथ के कलाई, पीठ, भुजा में तथा दोनों पैर के घुटना के पास के ऊपर एवं नीचे लाल श्याह चोंट, दाहिना पैर के घुटना के नीचे खरोंच दार चोंट पाया गया है। मृतिका के परिजनों एवं मृतिका के घर के पास रहने वाले साक्षी गणों के कथन लिये गये हैं जिनके व्दारा बताया गया है कि मृतिका शराब पीती थी जिस कारण से उसके पति राजू सोनी से विवाद होता था और उसका पति मारपीट करता था दि0 30/03/25 को लाठी से मारपीट किया है मारपीट से आई गंभीर चोंट के कारण मृत्यु होना बताये हैं। थाना चचाई में मर्ग कायम कर दिनांक 31/03/25 को आरोपी राजू सोनी के विरूद्ध अप0 क्र0 63/25 धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान 24 घण्टे के अंदर



आरोपी राजू सोनी पिता स्व0 मुन्ना लाल सोनी उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नं0 08 मस्जिद के पीछे अमलाई थाना चचाई को गिरफ्तार कर न्यायालय अनूपपुर के माध्यम से जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर (I.P.S.) मोती उर रहमान के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी, एसडीओपी सुमित करकेट्टा के कुशल मार्गदर्शन में थाना चचाई से निरीक्षक राकेश उइके सउनि0 महिपाल प्रजापति, नागेश सिंह, प्र आर विकास दहायत, आर0 नितेश साहू, नत्थू मोरे, प्र0 आर0 अशोक बर्मन, आरक्षक दीपक मंडलोई, आरक्षक राकेश व्दिवेदी, प्रकाश निनामा की भूमिका रही।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का सीएमसीएलडीपी छात्र कर रहे प्रचार प्रसार



**जमुना/बदरा।** कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला समन्वयक उमेश पांडे के मार्गदर्शन में दिनांक 3 अप्रैल 2025 को विकासखण्ड अनूपपुर सेक्टर क्रमांक 4 भालूमाडा में CMCLDP छात्रा रीता सिंह, प्रतिमा पाण्डेय द्वारा परामर्शदाता शिवानी सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दीवार लेखन का कार्य किया गया एवं शपथ दिलवाई गई जिसमें स्थानीय लोगों की सहभागिता रही। का प्रमुख उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना व जल स्त्रोतों के रख रखाव प्रति आम जन को दीवाल लेखन जन जागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूक करना है। नदी देवी स्वरूपा होती है, हम इसमे आते जाते कचरा न डाले हमेशा इसे

## घर का रास्ता भटके बालक को डायल 100 ने परिजन से मिलाया

**अनूपपुर।** जैतहरी क्षेत्र में बाजार में एक 12 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस



कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 02-04-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल जैतहरी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक मनोज गुर्जर एवं पायलेट अशोक राठौर ने मौके पर पहुँचकर बालक को संरक्षण में लिया। डायल 112/100 जवानों को बालक के रामनगर के होने की जानकारी मिली । डायल-112/100 जवानों ने थाना प्रभारी महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर निर्देशानुसार बालक को एफ आर व्ही वाहन से लेकर रामनगर पहुँचे जहाँ बालक के नाना मिले । पहचान व सत्यापन उपरांत बालक को नाना के सुपुर्द किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं उमावि में पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा

**अमरकंटक।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तथा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना दादर अमरकंटक का क्रमशः प्राथमिक पांचवी एवं माध्यमिक आठवीं का परीक्षा परिणाम अन्य वर्षो की अपेक्षा सर्वोत्तम रहा है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्राथमिक पांचवी कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम कल 38 छात्र छात्राओ में 16 छात्र 16 छात्रा प्रथम स्थान में उत्तीर्ण हुए हैं 6 छात्र बी प्लस में उत्तर रहे हैं कक्षा पांचवी में 89.25 दिव्यांश बाघमार रहा जो की अधिकतम प्रतिशत में उत्तीर्ण हुआ है इसी तरह 87.5 एवं 87.25 दो अन्य छात्राएं उत्तीर्ण हुई है। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के माध्यमिक स्तर कक्षा आठवीं में कुल 58 छात्र छात्राएं रहे जिसमें 50 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में छह छात्र हैं द्वितीय श्रेणी में तथा दो छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे 87.5 प्रतिशत अंक लेकर अनामिका द्विवेदी पिता लखन द्विवेदी द्वितीय स्थान पर 86.5% संध्या साहू पिता बलराम साहू तृतीय स्थान पर 86.3 अभिनय रहा है। सरस्वती शिशु विद्यालय में अन्य वर्षो की अपेक्षा अच्छा परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्रबंधन प्राचार्य बीके शर्मा आचार्य लखन द्विवेदी रोहित लाल त्रिपाठी भारत चंद्रवंशी शिवप्रसाद त्रिपाठी तुलसीदास नामदेव राम प्रसाद राम नीतू राम आदि के द्वारा छात्राओं को अच्छे पढ़ाई के लिए प्रयासरत रहने का यह परिणाम है कि विद्यालय ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।

## नरवाई का जैविक खाद बनाकर पुनः खेतो में करें उपयोग

**उमरिया।** कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के कृषि वैज्ञानिक डा धनंजय सिंह ने बताया कि बहुत से किसान कार्बाइन हारवेंस्टर से फसल की कटाई करते है तो अवशेष खेतो में पडा रह जाता है । बहुत से किसान जायद की फसल बोना चाहते है लेकिन नरवाई के कारण बो नही पाते है, जिससे किसान नरवाई में आग लगा देते है। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से धुंआ निकलता है, जिससे वायुमंडल में प्रदूषण फैलता है। खेत में जैव विविधता खत्म हो जाती है और सूक्ष्म जीव जलकर खत्म हो जाते हैं। नरवाई में आग लगाने से भूमि में रहने वाले लाभकारी बैक्टीरिया, सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

### गैस फिलिंग कार्य को ठेका में देने का सोडा फैक्ट्री कामगार समिति द्वारा विरोध

**अमलाई।** प्राप्त जानकारी अनुसार सोडा फैक्ट्री द्वारा अपने कारखाना में हैवी केमिकल सेक्शन में गैस फिलिंग कार्य को ठेका में देने का सोडा फैक्ट्री कामगार समिति द्वारा विरोध किया गया है समिति ने सोडा फैक्ट्री के महाप्रबंधक को पत्र देकर कहा कि सोडा फैक्ट्री एक हजार्डस केमिकल प्लांट है जहां गैस फिलिंग का कार्य मे स्थाई एवं दक्ष कर्मचारी होने चाहिए किन्तु उक्त कार्य को ठेके में देने से ठेकेदार द्वारा कम मजदूरी में गैर अनुभवी कर्मचारियों से काम कराया जाएगा जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है बताया कि प्रबंधन ने उक्त कार्य के लिए न तो नोटिस ऑफ चेंज दिया गया और न ही संघ से चर्चा कर सहमति ली गयी है। जो अवैधानिक है वैसे भी प्रबंधन द्वारा स्थाई कर्मचारियों की संख्या समझौता अनुरूप नही रखी गई है जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। खबर है कि सोडा फैक्ट्री द्वारा गैस फिलिंग के कार्य को एक रिटायर्ड कर्मचारी एवं बीएमएस के नेता को ठेका देने की कोशिश की जा रही थी जिससे कर्मचारियों में असंतोष दिख रहा है।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कारवाई



**ब्योहारी।** थाना क्षेत्र ब्यौहारी-के अंतर्गत ग्राम चरका में 02/04/25 को रात 8.30 बजे पंकज रावत के यहां से 58 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई उसकी मां उर्मिला रावत जो शासकीय शिक्षक है बाहर से लाकर काफी समय से अंग्रेजी शराब बेच रहा था इसके खिलाफ 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है आरोपी मौके से फरार हो गया था । इसके पहले भी पुलिस द्वारा 29 मार्च को मंटोला तिराहा के पास 56 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की गई थी और दो आरोपियों को गिरफतार भी किया था जिसमें रामदेव पिता रामलाल पटेल जैन चक्की के पास एवं राम शिरोमणि पटेल पिता रामलोचन पटेल बिजहा बरहा टोला को गिरफ्तार किया गया जबकि मुख्य आरोपी राजकुमार पटेल पिता रामकेश पटेल अभी भी फरार है उसके खिलाफ कई मामले पंजीबद्ध हैं उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं पूछताछ में राम शिरोमणि पटेल ने बताया कि अवैध शराब मैं राजकुमार की लेने जाता था जब लेने जाता था उसे दिन मुझे 1000 देता था वह काफी समय से यह काम कर रहा है। उक्त कार्रवाई में नगर निरीक्षक अरुण पांडे एवं उप निरीक्षक गया कन्नौजे, प्रधान आरक्षक नरेंद्र उपाध्याय, त्रिलोक सिंह एवं महिला आरक्षक सरिता सिंह की भूमिका सराहनीय रही ।

पुलिया के स्थान पर मिट्टी रेत की बोरियों से बना दिया रपटा

# 40-50 टन भारी वाहन क्या निकल पाएंगे?

सोहागपुर कोयलांचल प्रबंधन द्वारा थूक में सत्तू घोलने की कहावत को चरितार्थ करने का प्रयास किया जा रहा है। कैसे यह जानना जरूरी है- पहली बारिश से पूर्व में क्षतिग्रस्त पुल के बगल में आखिरकार कालरी प्रबंधन के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से 17 लाख की लागत से टेंपरेरी रपटा बनाया गया हैं।





**धनपुरी।** ठेकेदार के द्वारा नाले पर पांच सीमेंट पाइप ढोला मिला कर रखा गया है और ढोला के ऊपर चारों ओर रोड के उंचाई तक सैकड़ों की संख्या में (मिट्टी रेत) से भरी बोरिया को बिछाकर उसके ऊपर रोड बनाया गया है। सवाल यह उठता है कि जो टेंपरेरी पुल बनाया जा रहा है उस पुल से 40-50 टन भारी वाहन क्या निकल पाएंगे। रेस से भरी बोरियां भारी वाहनों का बजन सह पाएगी। 3 माह के बाद बरसात होगी तब भी क्या यह रपटा सही सलामत बरसात में भी आवागमन इस रप्टा से हो पाएगा यह समय ही बताएगा पुल कितना मजबूत है। ध्वस्त हो चुकी पुलिया महाप्रबंधक कार्यालय चौक से वेलकम गेट और मुड़कटिया नाला के बीच लगभग 1 किलोमीटर सड़क व बैगा ओसीएम रोड से बरसात के समय पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने के चलते आवागमन अवरुद्ध हो गया था। गत 8 माह से आवागमन अवरुद्ध होने के चलते पुल से निकलने वाली कालरी की कोयला से भरे और खाली, भारी वाहन सभी धनपुरी वार्ड नंबर 1 कॉलेज तिराहा से मॉडल रोड होते हुए आजाद चौक से बुढ़ार कोयला साइडिंग पहुंचते हैं। 8 माह से 24 घंटे कोयले भरी वाहन निकलती थी जिससे कोल डस्ट को लेकर व्यापारी दुकानदार परेशान थे।कम होगी परेशानी बुढ़ार कोल सायड़िग की ओर, जाने वाले कोयले भरी वाहन खैरहा, दामनी और राजेन्द्रा खदान से बुढ़ार सायडिंग तक जाने वाले वाहन को उक्त पुल के टूट जाने से एक लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है अब फिर से नऐ रपटा पुल बनने से अब कोल परिवहन की लीड कम हो जाएगी और वही जनता जनार्दन को भी परेशानी काम हो जाएगी। आजाद चौक निवासियों को बड़े वाहनों का आवागवन वाई पास रोड से होने से कोल डस्ट की समस्याओं निजात मिलेगा।

## बकही में व्याप्त पेयजल समस्या से परेशान ग्रामवासी
## बेकार साबित हो रहा ओवर हेड टैंक का निर्माण

**अमलाई।** शहडोल और अनूपपुर जिले की सीमा पर बसा ग्राम पंचायत बकही के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे है गर्मी आते ही यहां पेयजल की समस्या व्याप्त रूप धारण कर लेती है बता दे कि ग्राम पंचायत बकही अनूपपुर जिले के अंतर्गत आता है किंतु यहां पेयजल की समस्या प्रशासन को चुनौती दे रहा है ज्ञात हो की ग्राम पंचायत में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सोहागपुर क्षेत्र के द्वारा जनहित के लिए सामुदायिक विकास योजना अंतर्गत ओवरहेड टैंक के माध्यम से नल जल योजना अंतर्गत स्टैंड पोस्ट एवं घर-घर नल कनेक्शन की व्यवस्था दिए जाने सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया था किंतु जिस समय से इस ओवर हेड टैंक का निर्माण कराया गया यह बेकार साबित हो रहा है जिस मंशा से इसका निर्माण कराया गया उस पर पानी फिर गया जो आज तक ऐसे ही है और कोई इस्तेमाल नही हो सका है और ना घरों के कनेक्शन से लोगों को पीने के लिए पानी मिल पाया है।बताया गया कि निर्माण के तीन वर्षों के बाद कुछ समय के लिए टैंक में पानी तो भरा गया था किंतु पम्प जल जाने के बाद हालात जस की तस है दोबारा उसका निर्माण नही कराया गया बढ़ती गर्मी के कारण पानी की सुविधा से वंचित ग्रामीण जनों ने बताया कि पेयजल जो स्टैंड पोस्ट एवं हैंड पंप के माध्यम से थोड़ा बहुत पीने की पानी की व्यवस्था हो जाती थी वह ठप्प पड़ा है। इस भीषण समस्या को लेकर ग्रामीणों के द्वारा जिला पंचायत जनपद पंचायत एवं एसईसीएल प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया गया किंतु शासन प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों के लिए पेयजल की भीषण समस्या का निदान होते नहीं दिख रहा है और लोगों को पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर तक सोन नदी में बह रही बिना ट्रीटमेंट वाले पानी को पीने के लिए विवश है। जल्द से जल्द अगर पेयजल समस्या का निदान नहीं किया गया तो ग्राम पंचायत बकही के ग्रामीण जनों के द्वारा जन आंदोलन की तैयारी की जाएगी या फिर समस्या का निदान न होने पर पलायन करने की फिराक में है ग्रामीणों ने बताया कि गांव के चारों ओर शारदा ओपन कास्ट के द्वारा कोयला निकासी का कार्य निरंतर जारी है। किंतु एसईसीएल प्रबंधन अपने कोयला उत्पादन को महत्व देता हुआ सिर्फ और सिर्फ अपनी कमाई करने में लगा है उसे जनहित के मुद्दों और ग्रामीणों की समस्याओं से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है। जबकि गांव के चारो तरफ कोयला खदान संचालित होने के कारण दिन प्रति दिन जलस्तर गिरता जा रहा है जिसके कारण हैंड पम्प में भी पानी नही आता है



### इनका कहना

पम्प जल जाने के कारण नलजल योजना का पानी नही पहुंच पा रहा है जिसका जल्द निर्माण कराया जाएगा पेयजल के लिए एसईसीएल को बोला गया है जो दिन में चार टैंकर पानी भेज रहे है जल्द इसकी स्थाई रूप से व्यवस्था कराई जाएगी।

**पिंकी रानी**
**सरपंच, ग्राम पंचायत बकही**

## मां बिरासनी सेवा समिति के व्दारा नवरात्रि पर्व में अखंड भंडारा हजारों श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र बनी समिति

**बिरसिंहपुर पाली** बहु प्रसिद्धि बिरासनी मंदिर में बासंतीय नवरात्रि पर्व में मां बिरासनी सेवा समिति के व्दारा नवरात्रि पर्व के नौ दिनों तक अखंड भंडारे का विशाल आयोजन किया जा रहा है । यह आयोजन पिछले दो वर्षों से चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्रि में नौ दिनों तक अनवरत रूप से किया जा रहा है । विशाल भंडारा मे हर दिन अलग-अलग समूहों को मां बिरासनी समिति के व्दारा आयोजित गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित कर सर्व प्रथम मां बिरासनी देवी को प्रसाद चढ़वाया जाता है, तत्पश्चात कन्या पूजन और भोजन कराने के बाद विशाल भंडारा कीइ शुरूआत होती है ।इस भंडारे में हर दिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं । मां बिरासनी सेवा समिति के व्दारा बहुत ही आदर पूर्वक श्रद्धालुओं को माता का प्रसाद स्वरूप भोजन परोसा जाता है । विदित होवे कि माता बिरासनी के दर्शन के लिए दूर -दूर से दर्शन के लिए श्रद्धालू जन आते हैं , जिन्हें प्रसाद स्वरूप मिलने वाले भोजन का आंनद श्रद्धालु अत्यंत भाव के साथ ग्रहण करते हैं ।आज स्थानीय पत्रकारों और युवा मंडल पाली कों सादर आमंत्रित कर मां बिरासनी सेवा समिति ने माता बिरासनी देवी को प्रसाद चढ़ाने के लिए आहूत किया,जिसपर नगर के लगभग सभी पत्रकारों के साथ युवा मंडल पाली ने भाग ले मां बिरासनी को प्रसाद चढ़ाने के लिए पहुंचे और भंडारा कक्ष से बाजे गाजे के साथ माता बिरासनी मंदिर पहुंचकर प्रसाद चढ़ा कर मां बिरासनी सेवा समिति के पुण्य दायी काम में हिस्सा लिया । विदित होवे कि मां बिरासनी सेवा समिति के व्दारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना चारों तरफ गूंज रही है । गूंजे भी क्यों न । मां बिरासनी सेवा समिति और उसके सेवादारों ने श्रद्धालुओं को भंडारा मे जो प्यार परोसा है उसकी चमक की रोशनी तो दूर-दूर तक जानी ही है ।इस भंडारा के लिए दान दाताओं ने भी अपने भंडार खोल दिये है ।हर एक इस पुण्य दायी काम में सहयोगी बनने के लिए उदार मन से जुटे देखें जा रहे हैं ।



## लोकप्रिय गायिका बाली ठाकरे की प्रस्तुति से गूंजेगा बिरसिंहपुर पाली

**उमरिया** जिले के बिरसिंहपुर पाली में आयोजित होने वाले बिरासिनी माता के जवारे विसर्जन कार्यक्रम में इस वर्ष भव्य आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद पाली के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लोकप्रिय गायिका बाली ठाकरे अपनी सुमधुर आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन 7 अप्रैल को मेला ग्राउंड में किया जाएगा, जो शाम 8 बजे से शुरू होगा।भक्ति और श्रद्धा का संगम बनेगा कार्यक्रम बिरासिनी माता के जवारे विसर्जन का यह आयोजन प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। इस बार नगर पालिका परिषद ने इसे और भव्य रूप देने के लिए विशेष तैयारियां की हैं। भक्ति संगीत से सराबोर इस कार्यक्रम में बाली ठाकरे की विशेष प्रस्तुति होगी, जो अपनी सुरीली आवाज और भजनों के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं।नगर में भक्तिमय माहौल हर वर्ष की तरह इस बार भी बिरासिनी माता के जवारे विसर्जन के दौरान नगर में विशाल जवारा जुलूस निकाला जाएगा ।प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं नगर पालिका परिषद पाली द्वारा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात, पेयजल और साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था की गई है। पुलिस बल भी तैनात रहेगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।समस्त भक्तों को आमंत्रण नगर पालिका परिषद पाली ने समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 7 अप्रैल की शाम 8 बजे मेला ग्राउंड में आयोजित इस भव्य आयोजन में शामिल होकर माता बिरासिनी का आशीर्वाद प्राप्त करें और भक्ति संगीत का आनंद लें।



## पहली बार रामपुर खदान पहुंचे सीएमडी को रामपुर के प्रभावित किसानों ने दिया ज्ञापन

**अमलाई।** बीते दिनों एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन द्वारा सोहागपुर क्षेत्र के तमाम खदानों का दौरा किया गया एवं खदानों की स्थिति का जायजा लिया गया। इसी दौरान रामपुर के प्रभावित किसानों द्वारा सीएमडी हरीश दुहन को रामपुर खदान में ज्ञापन सौंपा गया अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रामपुर के प्रभावित किसानों द्वारा समय समय पर अपनी मांग रखी गई एवं ज्ञापन सौंपे गए है किंतु उनकी मांगों को एसईसीएल द्वारा लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। इसी आस में किसानों ने पहली बार खदान पहुंचे सीएमडी हरीश दुहन को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में मुख्य रूप से किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत रामपुर बेलिया के प्रभावित किसानों को वर्ष 2015-2016 में भूमि का नोटिस दिया गया किन्तु पेड़ पौधों का नोटिस पूरा नही दिया गया और जो नोटिस दिया उसका मुआवजा पूरा नही दिया गया रोजगार हेतु आश्रितों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है व पूर्व में हुए समझौतों के अनुसार किसानों को संतुष्ट नही किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य मांगों को लेकर किसानों सीएमडी को ज्ञापन सौंपा है।



# अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन में संलग्न 2 ट्रेक्टर जप्त

**ब्यौहारी** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा अवैध गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही का निर्देश अधीनस्थ स्टाफ को दिया जा रहा है उसी क्रम मे ब्यौहारी पुलिस को अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन तथा नशे के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करने मे सफलता प्राप्त हुई है । 01. ब्यौहारी पुलिस की बड़ी सफलता अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन मे संलग्न 02 ट्रेक्टर मय रेत लोड ट्राली के जप्त -- मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है दिनांक 02.04.2025 को रात्रि गस्त के दौरान भोगिया तिराहा पास नीले कलर का बिना नम्बर का स्वराज ट्रेक्टर जिसका माडल 735 FE चेचिस नम्बर MBNAJ48AFLTB33954 , इंजन नम्बर CJ1354/LA001115 है मय रेत लोड ट्राली के मिला चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम राजेश कोल पिता दलबल कोल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बरकछ थाना ब्यौहारी का रहना बताया तथा मालिक नवीन गुप्ता निवासी ब्यौहारी के कहने पर झरप नदी बरकछ से लेवरो के मदद से ट्राली मे रेत लोड कराकर बिक्री करने के लिए ब्यौहारी ले जाना बताया उक्त रेत के संबंध कोई दस्तावेज होना नही बताया । आरोपी ट्रेक्टर चालक एवं वाहन मालिक का कृत्य धारा 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम का दण्डनीय पाये जाने से मौके पर आरोपी चालक के कब्जे से ट्रेक्टर स्वराज मय रेत लोड ट्राली के जप्त कर थाना वापसी पर आरोपी चालक एवं मालिक के विरूद्ध अपराध क्र. 232/25 धारा 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । तत्पश्चात गस्त के दौरान ही जरिये मुखबिर सूचना मिली एक नीले रंग की स्वराज कम्पनी का ट्रेक्टर मय ट्राली मे लोड रेत सूखा तरफ से ब्यौहारी ले जा रहा है सूचना की तस्दीक पर सी.एच.सी. ब्यौहारी के पास नीले रंग की बिना नम्बर की स्वारज ट्रेक्टर मिला जिसे रोककर तस्दीक किया जो नीले रंग का स्वराज ट्रेक्टर माडल 735 FE बिना नम्बर जिसका इंजन नम्बर CJ1354/SGM32790 चेचिस नम्बर MBNAK48ACRTN41101 है वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम योगेन्द्र कुमार बैगा पिता नरेन्द्र प्रसाद बैगा उम्र 24 वर्ष निवासी भमरहा प्रथम का होना बताया तथा ट्रेक्टर मालिक धीरज सिंह निवासी न्यू बरौंधा के कहने पर नौढ़िया नदी से रेत चोरी कर ब्यौहारी बेचने ले जा रहा था उक्त रेत के संबंध कोई दस्तावेज होना नही बताया । ट्रेक्टर चालक योगेन्द्र कुमार बैगा एवं वाहन मालिक धीरज सिंह का कृत्य 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम का पाये जाने से आरोपी चालक के कब्जे से ट्रेक्टर मय रेत लोड ट्राली मौके पर जप्त कर थाना वापसी पर आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध अपराध क्र. 233/25 धारा 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक दीवान एवं एस.डी.ओ.पी. ब्यौहारी श्री रवि प्रकाश कोल के दिशा निर्देशन मे ब्यौहारी पुलिस द्वारा की गई है । कार्यवाही मे थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी. अरूण पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टाफ उनि बालकरण प्रजापति, सउनि गया प्रसाद कन्नौजे, प्र.आर. नरेन्द्र उपाध्याय, आर. अजीत यादव, आर. अमृत यादव, आर. त्रिलोक सिंह, आर. योगेन्द्र पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।





प्राथमिक पाठशाला ईजीएस भमरहा प्रथम से गायब मिले शिक्षक

## प्रवेश उत्सव की नहीं कर रहे परवाह

**ब्यौहारी**-विकासखंड के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार सभी स्कूलों प्रवेश उत्सव चल रहा है 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक पहुंचने वाले छात्रों को हल्दी चंदन लगाकर उनका स्वागत करना है लेकिन कार्यक्रम मनाना तो दूर शिक्षक विद्यालय ही नहीं पहुंच रहे स्कूलों में शिक्षक समय से पहुंच रहे या नहीं इसका निरीक्षण करने के लिए जन शिक्षक बीएससी एवं बीआरसीसी बीईओ को नियुक्त किया गया है लेकिन उनके द्वारा समय पर निरीक्षण न करने के कारण अव स्थित यह हो गई है कि यदि किसी स्कूल में दो शिक्षक हैं तो दोनों गायब रहते हैं शिक्षकों के न रहने से छोटे-छोटे बच्चे आपस में झगड़ कर स्वयं को कोई छति भी पहुंचा सकते हैं जिनको निरीक्षण के जिम्मेदारी है यदि वह अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से निभाते तो आज यह स्थिति न आती की स्कूलों में कोई टीचर ही नहीं पहुंच रहा विद्यालय की इन कमियों को अब क्षेत्र के लोग उजागर कर रहे हैं जो काम लाखों रुपए सैलरी लेने वाले अधिकारी नहीं कर पाये उसको क्षेत्र के जागरूक समाजसेवी कर रहे हैं ऐसा ही मामला व्यवहारी से 5 किलोमीटर दूर देखने को मिला जब भमरहा प्रथम क्षेत्र के समाजसेवी गुड्डा सेन प्राथमिक पाठशाला ईजीएस कोलान टोला में 2/04/25 को 1:30 दोपहर पहुंचे लेकिन यहां पदस्थ शिक्षक तुलसीदास पटेल एवं सतीश पटेल दोनों टीचर गायब मिले इसका वीडियो बनाकर उनके द्वारा सोशल मीडिया में वायरल किया गया व्हाट्सएप ग्रुप में भी शेयर किया गया इसी तरह से मध्यान भोजन भी गुणवत्ता विहीन पाया गया सिर्फ खिचड़ी बनाई गई क्षेत्र के लोगों ने ऐसे लापरवाह शिक्षकों ,एवं समूह संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं।

नवरात्र विशेष

# जिले का ऐसा अनोखा मंदिर जहां कुंवारे चुनते हैं अपने पसंद के जीवनसाथी

## चैत्र नवरात्रि पर होती है शादी, देश भर से जुटते हैं श्रद्धालु

मनोज शुक्ला, ब्यूरो





**अनूपपुर।** आदिवासी बाहुल्य अनूपपुर जिले में एक अनोखा देवी मंदिर है, जहां चैत्र नवरात्रि पर इस मंदिर में आदिवासी समुदाय के लड़का-लड़की एक दूसरे को पसंद कर शादी करते है। इस परंपरा को निभाने के लिए मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ के आसपास के जिले से लोग सम्मिलित होते हैं। इसके अलावा देशभर से भी यहां दर्शन के लिए श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचते हैं।

### तीन दिवसीय मेले का होता आयोजन

जिले के अनूपपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊरा के गांव में द्रौपदी देवी का मंदिर स्थापित है। जहां चैत्र नवरात्रि में बड़ी धूमधाम से पूजा अर्चना करने दूर दूर से लोग आते हैं। इस मंदिर में आदिवासी समाज और अन्य सभी समुदाय के लोग एकत्रित होते हैं। विशेष कर अष्टमी से तीन दिवसी मेले में महरा समाज के लोग दूर-दूर से आते हैं और तीन दिन यहां रहकर पूजा पाठ करते हैं।

### वर्षों से चली आ रही परंपरा

इस मंदिर की खास बात यह है कि लड़का लड़की एक दूसरे को पसंद कर शादी करते हैं। यह परंपरा इस गांव में वर्षों से चली आ रही है। इस मंदिर में युवक युवती शादी कर दहेज न लेकर समाज में दहेज के खिलाफ एक बड़ा संदेश दे रहे हैं। ऊरा के द्रौपदी मंदिर प्रांगण में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, महेंद्रगढ़ तथा मध्य प्रदेश के सीधी, ब्यैहारी, जयसिंहनगर, मंडला, डिंडोरी, शहडोल सहित आसपास के महरा समाज के लोग ज्यादातर मात्रा में यहां परिवार के साथ दर्शन करने पहुंचते हैं। जहां लोगों की हर मान्यता पूरी होती है।

### मनोकामना होती है पूरी

मंदिर के पुजारी रमेश सिंह ने बताया "द्रौपदी देवी दाई के मंदिर में जो भी भक्त सच्चे मन से मनोकामना मांगते हैं, देवी उनकी मनोकामना पूरी करती हैं। इस तीन दिवसीय मेले में भव्य भंडारे के साथ चैत्र नवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या से दूर-दूर के लोग आते हैं तथा सुरक्षा के लिए प्रशासनिक बाल भी मौजूद रहता है।

## पवित्र नगरी अमरकंटक में नवरात्रि की धूम



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में इन दोनों बसंती चैत्र नवरात्रि की अच्छी खासी धूम है भक्त श्रद्धालु गण इस पावन अवसर पावन सलिला नर्मदा नदी में स्नान दर्शन पूजन अर्चन हेतु अपने परिवार जनों के साथ भारी तादाद में आ रहे हैं और नवरात्रि का पुण्य लाभ ले रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नर्मदा उद्गम परिसर में लगभग 151 घृत ज्योति दीपक भक्ति श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्वलित कराए गए हैं तथा जवारा एवं कलश स्थापित किया गया है। भक्त श्रद्धालुओं के घृत ज्योति कलश जवारे के लिए विधिवत पूजन पाठ अनुष्ठान किया जा रहा है। स्थानीय कल्याण सेवा आश्रम में जगत जननी मां जगदंबे राजराजेश्वरी की पूर्ण विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया जा रहा है तथा प्रत्येक दिवस निशा हवन आचार्य पंडितों के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ धार्मिक वातावरण में पूजन पाठ किया जा रहा है पंडित संदीप जोशी ने बताया कि आश्रम के मंदिर प्रांगण में रात्रि पूजन एवं हवन आचार्य पुरोहितों द्वारा किया जाता है। स्थानीय शंकराचार्य आश्रम में त्रिपुर सुंदरी मां भगवती राजराजेश्वरी की पूरे विधि विधान के साथ पूजन अर्चन अनुष्ठान पाठ किया जा रहा है यहां पर 51 दीपक घृत एवं तेल के प्रज्वलित है तथा कलश स्थापित किया गया है तथा जवारे बोए गए हैं आश्रम मंदिर के पुजारी नर्मदानंद जी ने बताया कि आश्रम में दोनों ही नवरात्रि में मंदिर परिसर में मां की पूजा की जाती है आठवें दिन हवन आदि होते हैं नौवे दिन कन्या भोजन एवं भंडारा कराया जाता है मंदिर में शुरू से ही घृत एवं तेल का ज्योति वर्षों से भक्त श्रद्धालुओं द्वारा जलवाया जाता है। इसी तरह रामघाट के दक्षिणी तट में भोला महाराज द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया है तथा पूजन अर्चन किया जा रहा है।

# जंगली हाथियों के मॉनिटरिंग के लिए राजस्व, वन एवं पुलिस संयुक्त रूप से करें समन्वित प्रयास

### मुआवजे की राशि जल्द से जल्द कराएं भुगतान- कलेक्टर

### जंगली हाथियों के विचरण के दौरान सुरक्षा एवं सावधानी के संबंध में आयोजित हुई बैठक

अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिले में जंगली हाथियों का मूवमेंट समय-समय पर होता रहता है। हाथियों के मूवमेंट वाले ग्रामों में जंगली हाथियों के मॉनिटरिंग एवं ग्रामीण के सुरक्षा हेतु राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जंगली हाथी के मूवमेंट से होने वाले जान माल की सुरक्षा तथा फसल नुकसान से बचाव हेतु राजस्व, वन एवं पुलिस के अधिकारियों की ड्यूटी ज्यादा संख्या में लगाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जंगली हाथियों के मूवमेंट से होने वाले नुकसान का तत्काल सर्वे कर जल्द से जल्द मुआवजा राशि का भी भुगतान कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिले में हाथियों के विचरण के दौरान सुरक्षा एवं सावधानी के संबंध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, वन मंडलाधिकारी अनूपपुर विपिन पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी वन अंशुल तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में हाथियों का विचरण है, वहां सुरक्षित शासकीय भवन चिन्हित कर लिया जाए, जिससे भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर ग्रामीणों को सुरक्षा हेतु वहां शिफ्ट किया जा सके। इसी प्रकार कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को हाथियों से बचाव हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाथियों के विचरण क्षेत्र में कोई स्थान चिन्हित कर हाथियों के लिए भोजन का प्रबंध करने की पहल की जाए तथा उन्हें भोजन प्रदान किया जाए, यह एक प्रभावी कदम हो सकता है जिससे हाथी गांव की ओर विचरण न करें। इसी प्रकार बैठक में कलेक्टर ने हाथियों के मूवमेंट के संबंध में अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### इधर हाथियों ने तोड़े मकान, फसलों का भी किया नुकसान

जिले में दो अलग-अलग स्थान पर तीन प्रवासी हाथियों के निरंतर विचरण कर रहे हैं। हाथियों द्वारा बुधवार एवं गुरुवार की मध्यरात्रि दो ग्रामीणों के मकानो में तोड़फोड़ कर किसानों के खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को आहार बनाते सुबह होते ही दो हाथी जैतहरी के धनगवां बीट के जंगल तथा एक हाथी अनूपपुर एवं राजेंद्रग्राम के बीच औढेरा एवं पटना बीट के जंगल के मध्य डेरा जमाया हुआ है। दो नर हाथी विगत 6 दिनों से वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील जैतहरी अंतर्गत वन बीट धनगवां के जंगल जो ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई गांव से लगा हुआ है। दिन में विश्राम करने के बाद देर रात होते ही आहार की तलाश में जंगल से बाहर निकल कर बुधवार एवं गुरुवार की रात कुसुमहाई के पाढाडोल स्थल पर लालबहादुर सिंह की झोपड़ी में तोड़फोड़ कर झंडीटोला तक विचरण करते हुए गुरुवार की सुबह फिर से इस जंगल में ठहरे हुए हैं। पाढाडोल टोला में दो ग्रामीण अपने कच्चे घरों में दैनिक उपयोग वाली सामग्रियों को निरंतर आते हाथियों के द्वारा नुकसान किए जाने के डर से विभिन्न तरह के उपयोगी सामग्रियों को महुआ के पेड़ में चढ़ाकर बांधकर रखे हुए हैं जो शाम होते ही परिवार के सभी सदस्यों को बीच गांव बस्ती में सुरक्षा की दृष्टि से भेज कर कुछ ग्रामीणों के साथ रात में हाथियों के बिचरण पर नजर रखे रहते हैं वहीं एक दांत वाला नर हाथी बुधवार को पूरे दिन वन परिक्षेत्र अनूपपुर के औढेरा बीट अंतर्गत डालाडीह के जंगल में दिन बीतने बाद देर रात को जंगल से निकलकर ग्राम पंचायत बैहार के दोखहाटोला राजू यादव के बांडी में केला खा कर, बैहार से गिरवी गांव में पहुंचकर रामचंद्र पिता फूलसिंह के घर में तोड़फोड़ किया, गिरवी निवासी भुवन सिंह गोंड़ के खेत में लगे गेहूं,गेंदलाल पनिका खलिहान में रखे मंसूर की फसल को अपना आहार बनाते हुए गुरुवार की सुबह वन परिक्षेत्र अनूपपुर के औढेरा एवं वन परिक्षेत्र राजेंद्रग्राम के पटना बीट के मध्य जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है।

# जिले के सिवनी संगम में है स्वर्ग का वृक्ष अर्थात 'कल्प वृक्ष'

### समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में से एक रत्न कल्पवृक्ष को प्राप्त है 'दिव्य शक्ति'

अनूपपुर।



पर्वत राज विंध्य और जंगलराज सतपुड़ा के मिलन से मैकल पर्वत का निर्माण होता है मैकल पर्वत में शिव पुत्री मां नर्मदा की उद्गम स्थली है जिसे अमरकंटक के नाम से देश और विदेश तक जाना जाता है। यह विश्व की एक मात्रा नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। अमरकंटक से 40 किलोमीटर दूर नर्मदा तट पर सिवनी संगम गांव जहां स्वर्ग का वृक्ष कहे जाना वाला वृक्ष कल्प वृक्ष है। कहा जाता है कि यह समुद्र मंथन के समय 14 रत्नों में से एक रत्न कल्प वृक्ष भी है। कहते है यह वर्ष सभी की मनोकामनाएं पूरी करता है यहां वृक्ष के देखने समझने पौराणिक कथाओं की सच्चाई जानने लोग देश और विदेश से भी आते है अमरकंटक से 40 किलोमीटर दूर नर्मदा तट पर स्थित कल्पवृक्ष के बारे में नर्मदा मंदिर के मुख्य पुजारी वंदे महाराज ने इसकी पौराणिक और आध्यात्मिक मान्यताओं पर विशेष प्रकाश डाला है।

### कल्प वृक्ष को प्राप्त है दिव्य शक्ति

नर्मदा नदी के तट पर स्थित होने के कारण कल्प वृक्ष का क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। हरियाली से घिरा यह स्थान सुकून और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि यह वृक्ष सदियों पुराना है और इसे दिव्य शक्ति प्राप्त है। कल्प वृक्ष और इसके आसपास का क्षेत्र न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी इसका विशेष महत्व है। प्रशासन और स्थानीय समुदाय इस ऐतिहासिक वृक्ष के संरक्षण के लिए प्रयासरत हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इसकी महिमा को महसूस कर सकें। अगर आप भी प्रकृति की गोद में आध्यात्मिक शांति और चमत्कारिक अनुभूति पाना चाहते हैं, तो एक बार शिवनी संगम गांव में स्थित कल्प वृक्ष की यात्रा जरूर करें।

### 14 रत्नों के साथ कल्प वृक्ष की हुई थी उत्पत्ति

ज्ञात हो कि कल्प वृक्ष को हिंदू धर्म और पौराणिक कथाओं में एक दिव्य वृक्ष माना जाता है, जिसकी उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुई थी। इसे इच्छा पूर्ति करने वाला वृक्ष भी कहा जाता है, क्योंकि यह भक्तों की मनोकामनाएँ पूरी करने की क्षमता रखता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान 14 रत्नों के साथ कल्प वृक्ष की उत्पत्ति भी हुई थी। यह वृक्ष समृद्धि, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। कई मान्यताओं के अनुसार, इस वृक्ष के नीचे बैठकर की गई प्रार्थना जल्दी फल देती है। इसे भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी का प्रिय वृक्ष माना जाता है। इस वृक्ष की आयु सैकड़ों से हजारों साल तक हो सकती है। इसकी औषधीय गुणों से भरपूर पत्तियाँ और छाल का उपयोग आयुर्वेदिक चिकित्सा में भी किया जाता है। कहा जाता है कि इसकी छाया में ध्यान करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की सफाई एवं जीर्णोद्धार का हो रहा कार्य

अनूपपुर

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 30 मार्च से 30 जून तक जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में अभियान के तहत नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड नं. 02 में स्थित स्टॉप डैम में जलीय खरपतवार की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इसके साथ ही पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत जोहिला जलाशय में साफ-सफाई का कार्य एवं दमेहड़ी जलाशय के जीर्णोद्धार का कार्य भी किया जा रहा है।

## गेहूँ उपार्जन के लिये किसान 9 अप्रैल तक करा सकते हैं पंजीयन

**अनूपपुर।** शासन द्वारा किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें।

## नरेगा की अकुशल मजदूरी दर मे हुई वृद्धि 1 अप्रैल से प्रभावशील

**अनूपपुर।** भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय की अधिसूचना सं. 1445, नई दिल्ली, 27 मार्च 2025 अनुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत अकुशल श्रमिकों को प्रदाय मजदूरी दर में संशोधन किया गया है। उक्त अधिसूचना अनुसार मध्यप्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत अकुशल हस्त कर्मकारों की प्रतिदिन मजदूरी की दर 261/- रूपये निर्धारित की गई है। यह मजदूरी दर दिनांक 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील हो गई है।

### वनों को आग से बचाने ग्रामीणों ने ली शपथ

# वन संपदा हमारे पूर्वजों की देन इन्हें बचाएं : डॉ शिवाजी चौधरी

अनूपपुर



वनों को आग से बचने के लिए प्रणाम नर्मदा युवा संघ द्वारा वन विभाग अनूपपुर के सहयोग से ग्राम पंचायत बिजोरी में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम रखा गया, जिसमें ग्रामीणों ने जंगलों को आग से बचने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने तथा सामाजिक बहिष्कार करने का शपथ लिया। गर्मी का मौसम आने के साथ ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं तेजी से देखने को मिलती है, यह आग विभिन्न कारणों से लगाई जाती है। अमरकंटक वन परिक्षेत्र में विगत दिनों आगजनी की कई घटनाएं देखने को मिली है। वनो में लग रही आग की घटनाओं को सामुदायिक जागरूकता के माध्यम से ही बचाया जा सकता है। इसी उद्देश्य से प्रनयुस संस्था जिला वन विभाग के साथ मिलकर इस तरह आयोजन कर रही है। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्रामीणों ने जंगल में आग लगाने के कारणों के बारे में विस्तार से बताया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में आग पिहरी अर्थात मशरूम के अत्यधिक उत्पादन वाले भ्रम के कारण लगाते हैं, कुछ लोग वन अधिकार पट्टा के लिए जमीन साफ करने के उद्देश्य से आग लगाते हैं, कुछ लोग वन विभाग की पूर्व में की गई कार्यवाही के रंजिश स्वरूप आग लगाते हैं, वहीं कुछ लोग मस्ती में तथा कुछ लोग गाय चराने के लिए लेंटना को साफ करने के उद्देश्य आग लगाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जनजाति विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के सहायक अध्यापक डॉ शिवाजी चौधरी ने बताया कि वर्ष 1952 तथा वर्ष 1962 में इस क्षेत्र में अकाल पड़ा था, यह वर्षा की कमी के कारण हुआ था। निरंतर हो रही वनों की कटाई तथा आगजनी की घटनाएं इस तरह के खतरनाक परिणाम देती है अतः समाज को स्वयं से वनों की रक्षा करने के लिए आगे आना चाहिए। वन एक दिव्य संपदा है यह हमारे पूर्वजों के द्वारा हमें उपहार में दिया गया है इन वनों को बचाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष विकास चंदेल ने जल, जंगल और जमीन के महत्व को बताते हुए समुदाय के प्रति उनके कर्तव्य हेतु लोगों से आवाहन किया गया। जनजाति एवं ग्रामीण समुदाय में जन्म से लेकर मृत्यु तक प्रत्येक अवसर पर पेड़ों के महत्व को उजागर किया गया साथ ही समुदाय के देवी देवताओं के साथ पेड़ और प्रकृति को जोड़कर उसके महत्व को बताया गया। तथा अंत में सभी ग्रामीणों को हृदय में हाथ रखकर के वनों को आग से बचाने तथा आग लगाने वालों के खिलाफ अपने कर्तव्यों का निर्वहन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित : ग्राम पंचायत बिजौरी के सरपंच, वन विभाग के कर्मचारी : रेंज सहायक भूण्डाकोना - जमुना सिंह मार्को, फॉरेस्ट गार्ड ताली- दिव्यदाश सोनवानी, प्रनयुस के सक्रिय सदस्य सचिन त्रिपाठी, सत्यम मरावी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न

**अनूपपुर।** भाजपा कार्यालय अनूपपुर में 3 अप्रैल को संगठन की कामकाजी बैठक संपन्न हुई। संगठन की कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि संगठन के द्वारा दिए गए कार्यों को हम सभी को मिलकर प्राथमिकता के आधार पर करना है। आजीवन सहयोग निधि, मंडल कार्यकारिणी का गठन एवं 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना, दिवस 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती जैसे कार्यक्रम को प्राथमिकता के आधार पर हमें करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के नीतियों को संगोष्ठी के माध्यम से जनता के बीच हमें अपनी बात रखनी है, पहले क्या स्थिति थी और भाजपा सरकार आने के बाद हमारे देश और प्रदेश में क्या परिवर्तन हुए हैं यह आज के युवा पीढ़ी को बताने की आवश्यकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को नई दिशा दे रहे हैं और हमारा देश प्रगति के पद पर आगे बढ़ रहा है। कामकाजी बैठक को मध्य प्रदेश के कोल विकास पर प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज परिस्थितियों हमारे अनुकूल हैं हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं की जानकारी जनता के बीच लेकर पहुंचे हम अपने सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचने के लिए कार्य करें। उत्साहवर्धन के साथ हमें अपने कार्य को पूर्ण करना है। संगठन आज युवाओं को मौका दे रही है कार्य करने वाले हर कार्यकर्ता को अवसर मिलेगा। हमें युवा जिला अध्यक्ष के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करना है और संगठन को आगे गति प्रदान करना है।



### किसानों को फसलों का शासन द्वारा निर्धारित उचित मूल्य दिलाएं अधिकारी

# कलेक्टर ने की कृषि उपज मंडी अनूपपुर द्वारा किए गए कार्यों के प्रगति की समीक्षा

अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनूपपुर जिले के किसानों को फसलों का शासन द्वारा निर्धारित उचित मूल्य दिलाने के निर्देश मंडी सचिव एवं मंडी इंस्पेक्टर्स को दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के ज्यादा से ज्यादा किसानों का रजिस्ट्रेशन कराया जाए तथा उनके फसल का उचित मूल्य दिलाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा है कि कृषि उपज मंडी अनूपपुर के अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का पालन अक्षरशः करें। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में कृषि उपज मंडी अनूपपुर के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मंडी सचिव रविन्द्र सिंह, मंडी सचिव बाल गोविंद कोल, मंडी इंस्पेक्टर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कृषि उपज मंडी की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मंडी में किसानों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि कृषि उपज मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े, इस बात का अधिकारी विशेष ध्यान रखें। बैठक में कलेक्टर ने खाद्यान्न के अवैध परिवहन पर कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की तथा ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि खाद्यान्न के अवैध परिवहन पर कार्यवाही कर तत्काल थाना पहुंचकर एफआईआर भी दर्ज कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी के फार्म गेट पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा किसानों के पंजीयन करने के निर्देश दिए तथा एफएक्यू के निर्धारित मापदंडों का पालन करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों और व्यापारियों के बीच समन्वय स्थापित कराते हुए किसानों से शासन द्वारा निर्धारित उचित मूल्य पर ही फसल क्रय किया जाए। कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी में तौल कांटा का सत्यापन नापतौल विभाग से करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### सेंट जोसेफ स्कूल की मान्यता को लेकर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# 15 दिन में कार्यवाही नहीं होने पर दी विहिप व बजरंग दल ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

अनूपपुर



जिले के बिजुरी मे संचालित सेट जोसफ मिशन स्कूल के बालिका आवासीय मे अनैतिक रूप से फ्रिज में रखे विभिन्न प्रकार के मांस, शराब की बोतले, सिगरेट लाईटर को लेकर पूरे शहर में भारी आक्रोश है। ! जिसे लेकर विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा गुरूवार को प्रदेश के महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे बताया गया कि बिजुरी में संचालित क्रिश्चियन सेंट जोसेफ स्कूल के बालिका आवासीय परिसर में मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के छापा मार कार्रवाई की गई जिसमें शराब की बोतल, सिगरेट के पैकेट, लाइटर और अन्य कमरों में लड़कियों के खानों में मांस पाया गया। कई आपत्तिजनक सामग्री के साथ 100 से ज्यादा ऐसे बच्चे हैं जिनका कोई भी दस्तावेज स्कूल प्रबंधन के पास नहीं था। न ही प्रबंधन के पास आवासीय संबंधित कोई दस्तावेज पाया गया साथ ही डायवर्सन भी नहीं होना पाया गया। इन सब विषयों को लेकर जिले के विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा सेंट जोसफ मिशन स्कूल की मान्यता रद्द करने अनूपपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया तथा कहा गया कि अगर स्कूल प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई और स्कूल की मान्यता अति शीघ्र अगर रद्द नहीं की जाती है तो 15 दिनों के पश्चात विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल अनूपपुर जिला बंद कर उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान विभाग मंत्री बाल्मीक जायसवाल, जिला मंत्री रविशंकर शर्मा, जिला सयोजक अक्षय प्रताप सिंह, पूर्व जिला कल्याण सिंह, जिला सहमंत्री ज्ञान चन्द जायसवाल, प्रीतम तिवारी, अन्ना नायक, राजीव गर्ग, तरुण यादव, प्रकाश सोनी, रोहित सोनी, लवकुश पटेल, विकास पटेल, राम नरेश सेन, जय सिंह तोमर, गौरब पाण्डेय लोग उपस्थिय रहे।